# कंपनी के वित्तीय विवरण

3

यह समझने के बाद कि एक कंपनी वित्त कैसे अर्जित करती है, इस अध्याय में हम वित्तीय विवरणों से तात्पर्य, प्रकृति, उद्देश्यों को समझने के साथ-साथ वित्तीय विवरणों के प्रकार, उसके स्वरूप एवं विषय वस्तु तथा उसके उपयोग एवं सीमाओं के संबंध में अध्ययन करेंगे। वित्तीय विवरण लेखांकन प्रक्रिया का अंतिम चरण है। इनका निर्माण समांतर लेखांकन परिकल्पना सिद्धांतों, कार्यनीतियों और वैधानिक वातावरण के आधार पर होता है जिसके अंतर्गत व्यावसायिक संगठन अपनी क्रियाकलापों का प्रचालन करती है। यह विवरण लेखांकन प्रक्रिया के संक्षिप्तकरण का परिणाम है। अतः, ये सूचनाओं के स्रोत हैं जो किसी संगठन की लाभ प्रदता और वित्तीय स्थिति संबंधी निष्कर्ष निकालने हेतु सहायक होते हैं। इनका व्यवस्थित ढंग से प्रारूप तैयार किया जाता है जोकि अंशधारक और उपयोगकर्त्ता सरलतापूर्वक समझ सकें और अर्थपूर्ण आर्थिक निर्णयों में प्रयोग कर सकें।

**अधिगम उद्देश्य**

*इस अध्याय को पढ़ने के उपरांत आप:*

- वित्तीय विवरणों के उद्देश्यों एवं प्रकृति की व्याख्या कर सकेंगे;
- *आय विवरण के स्वरूप एवं विषय वस्तु का वर्णन कर सकेंगे;*
- तुलन पत्र के स्वरूप एवं विषय-वस्तु का वर्णन कर सकेंगे;
- वित्तीय विवरणों के महत्त्व एवं सीमाओं की व्याख्या कर सकेंगे; तथा
- वित्तीय विवरणों को तैयार कर सकेंगे।

## 3.1 वित्तीय विवरणों से अभिप्राय

वित्तीय विवरण आधारभूत एवं औपचारिक साधन होते हैं जिनके माध्यम से निगम (कंपनी) प्रबंध विभिन्न बाह्य उपयोगकर्ताओं को वित्तीय सूचनाएं संचारित करता है। वित्तीय विवरण मूलरूप से स्वामी की आवश्यकताओं की ओर निदेशित होते हैं और संयोग से अन्य बाहरी पार्टियों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं जिनमें निवेशक, कर अधिकारियों, सरकार तथा कर्मचारी आदि भी सम्मिलित होते हैं। यह समान्यतः कंपनी के (अ) तुलन पत्र (ब) लाभ व हानि खाते को प्रदर्शित करती है। अब रोकड़ प्रवाह विवरण को भी वित्तीय विवरणों का अनिवार्य भाग समझा जाता है।

© NCERT not to be republished

**बॉक्स 1**

जॉन एन॰ मेयर के शब्दों में, ''वित्तीय विवरण एक उद्यम के खातों के सारांश तुलन पत्र में परिसंपत्तियों, दायित्वों तथा निश्चित तिथियों पर पूँजी की स्थिति को एक विशिष्ट अवधि के दौरान और संचालन के परिणाम आय विवरण को दर्शाते हैं।''

*स्मिथ एवं एसबर्न* वित्तीय विवरणों को इस प्रकार परिभाषित करते हैं- वित्तीय लेखांकन के अंतिम उत्पाद के रूप में वित्तीय विवरणों को एक व्यावसायिक के लेखे (खाते) तैयार किये जाते हैं जिसका उद्देश्य उद्यम की वित्तीय स्थिति तथा उसके हाल ही के कार्यकलापों के परिणाम को प्रकट करना और आय के द्वारा किए गए कार्यों का एक विश्लेषण करना होता है।

*एंथोनी* के शब्दों में, वित्तीय विवरण मूलत: वार्षिक रूप से प्रस्तुत अंतरिम रिपोर्ट तथा एक उद्यम के जीवन के एक खंड का, कुल मिलाकर थोड़ा बहुत या ऐच्छिक लेखांकन अवधि-कुछ हद तक एक वर्ष का प्रतिबिंबन होता है।

## 3.2 वित्तीय विवरणों की प्रकृति

परिघटनाओं के तथ्यों का कालक्रमानुसार अभिलेखन जो कि एक स्पष्ट निश्चित अवधि के लिए मौद्रिक शब्दावली में व्यक्त किये जाएं वित्तीय विवरणों की आवधिक तैयारी के लिए आधार होते हैं जोकि एक अवधि के दौरान प्राप्त किए गए वित्तीय परिणामों को तिथि अनुसार वित्तीय स्थिति को प्रकट करते हैं।

अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक एकाउंटेंट्स (AICPA) वित्तीय विवरणों की प्रकृति को इस प्रकार व्यक्त करता है- वित्तीय विवरणों को एक आवधिक समीक्षा प्रस्तुत करने के लिए या प्रबंध द्वारा की गई प्रगति की रिपोर्ट को दर्शाने के उद्देश्य के लिए किया जाता है तथा ये व्यवसाय में निवेश की स्थिति से संबंध रखते हैं और समीक्षा अवधि के दौरान उपलब्धि के परिणामों को प्रकट करते हैं। ये अभिलिखित तथ्यों, लेखांकन सिद्धांतों तथा वैयक्तिक निर्णयों के एक समीकरण को प्रतिबिंबित करते हैं।

निम्नलिखित बिन्दु वित्तीय विवरणों की प्रकृति की व्याख्या करते हैं-

1. *अभिलिखित तथ्य* - वित्तीय विवरण खाता पुस्तकों में लागत आँकड़ों के रूप में अभिलिखित तथ्यों के आधार पर तैयार किए जाते हैं। मूल लागत या ऐतिहासिक लागत अभिलिखित लेन-देनों का आधार होती है। विभिन्न खातों की संख्याएं जैसे कि हस्तस्थ रोकड़, बैंकस्थ रोकड़, विविध देनदार, स्थिर परिसंपत्तियाँ आदि की संख्याएं खाता पुस्तकों में अभिलिखित संख्याओं के अनुसार ली जाती हैं। भिन्न-भिन्न समयों पर भिन्न मूल्यों पर क्रय की गई परिसंपत्तियों को उनकी लागत मूल्य को दर्शाते एक साथ रखा जाता है। चूँकि अभिलिखित तथ्य प्रतिस्थापन लागत पर आधारित नहीं होते हैं, अत: वित्तीय विवरण संबंद्ध वस्तु की वर्तमान आर्थिक स्थिति को नहीं दर्शाते हैं।
2. *लेखांकन परंपरा* - वित्तीय विवरण तैयार करते समय कुछ निश्चित लेखांकन परंपराओं का अनुपालन किया जाता है। लागत या बाजार मूल्य पर माल मूल्यांकन की परंपरा जो भी लागू हो, अपनाई जाती है। एक परिसंपति को लागत से कम करने हेतु, तुलन पत्र के लिए, मूल्यह्रास को अनुपालित किया जाता है। छोटे मदों जैसे कि पेंसिल, पेन, पोस्टेज स्टैम्प आदि के लेन-देन हेतु द्रव्यात्मकता की परंपरा

© NCERT not to be republished

का अनुपालन किया जाता है। ऐसे मदों को उस वर्ष के व्यय के रूप में प्रदर्शित किया जाता है जिसमें वे खरीदी गई थी, भले ही वे प्रकृति में परिसंपत्तियाँ हैं। लेखन सामग्री को लागत पर मूल्यांकित किया जाता है न कि लागत या बाजार मूल्य पर, जो भी न्यूनतम हो के आधार पर। लेखांकन परंपरा के उपयोग से वित्तीय विवरण तुलनात्मक, सरल एवं वास्तविकता पूर्ण बन जाते हैं।

3. अभिधारणाएँ - वित्तीय विवरणों को कुछ निश्चित मूलभूत संकल्पनाओं या पूर्वानुमानों पर तैयार किए जाते हैं जिन्हें अभिधारणाओं के नाम से जानते हैं जैसे सतत् व्यापार, मुद्रा मापन आगम प्राप्ति आदि। सतत् व्यापार अवधारणा के अनुसार ऐसा माना जाता है कि व्यवसाय लंबे समय तक चलेगा और समापन पूर्वानुमानित भविष्य में नहीं है। अत:, परिसंपत्तियाँ ऐतिहासिक लागत आधार पर दर्शायी जाती हैं। मुद्रा मापन अवधारणा के अनुसार मुद्रा का मूल्य विभिन्न समयवधियों पर समान रहेगा। हालांकि क्रय क्षमता में प्रबल परिवर्तन आया है, और विभिन्न समयाविधयों में क्रय की गई परिसंपत्तियाँ को उनके क्रय-मूल्य पर ही दर्शाया जाता है। लाभ व हानि खाता तैयार करते समय आगम को विक्रय के वर्ष पर ही दर्शाया जाएगा। हालांकि हो सकता है कि विक्रय मूल्य की वसूली एक लम्बी अवधि तक होती रहे। इस अवधारणा को आगम प्राप्ति अवधारणा कहते हैं।
4. *वैयक्तिक निर्णय* - कई बार संयोगवश वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत की गई तथ्य एवं संख्याएं व्यक्तिगत राय, अनुमानों तथा निर्णयों पर आधारित होती है। परिसंपत्ति के मूल्यह्रास का निर्धारण स्थिर परिसंपत्तियों के आर्थिक जीवन की उपयोगिता को ध्यान में रखकर होता है। संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान वैयक्तिक अनुमानों एवं निर्णयों पर बनाया जाता है। माल के मूल्यांकन में, लागत या बाजार मूल्य, जो भी न्यूनतम है, अपनाया जाता है। जब किसी माल की लागत या फिर बाजार मूल्य का निर्णय लेना होता है, तब कुछ निश्चित समबद्धताओं को आधार बना कर अनेकों वैयक्तिक निर्णय लेने पड़ते हैं। जब वित्तीय विवरणों को तैयार किया जाता है तो व्यक्तिगत राय, निर्णयों तथा अनुमान किए जाते हैं ताकि परिसंपत्तियों, देनदारियों आय एवं व्ययों के आधिक्य की संभावना से बचाव किया जा सके और इसमें रूढ़िवाद की परंपरा को ध्यान में रखा जाता है।

इस प्रकार से वित्तीय विवरण अभिलिखित तथ्यों की संक्षिप्त रिपोर्ट होते हैं तथा लेखांकन अवधारणा, परंपरा एवं कानून की अपेक्षाओं का अनुपालन करते हुए तैयार किए जाते हैं।

## 3.3 वित्तीय विवरणों के उद्देश्य

वित्तीय विवरण अंशधारकों और बाहरी पक्षों हेतु किसी संस्था के संदर्भ में लाभ प्रदता और वित्तीय स्थिति संबंधित सूचनाओं के आधारभूत स्रोत है। यह विवरण एक विशिष्ट समयावधि के लिए संख्या के प्रचालन परिणाम उपलब्ध कराते हैं और व्यवसायिक संगठन के दायित्वों और परिसंपत्तियों को अवगत कराते हुए निर्णय प्रक्रिया में सहायक होते हैं। अत: वित्तीय विवरणों का प्राथमिक उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को निर्णय लेने में सहायता करना है। विशिष्ट उद्देश्य इस प्रकार हैं:

1. *एक व्यवसाय आर्थिक संसाधनों एवं दायित्वों के संदर्भ में सूचना उपलब्ध कराना* - इन्हें इसलिए

© NCERT not to be republished

तैयार किया जाता है ताकि एक व्यवसायिक फर्म के निवेशकों एवं बाहरी पार्टियों के लिए उसके आर्थिक संसाधनों एवं दायित्वों के बारे में पर्याप्त, विश्वसनीय तथा आवधिक सूचना उपलब्ध कराई जा सके। जो कि सूचना प्राप्त करने के संसाधनों या सक्षमता तथा सीमित आधिकारिकता वाले होते हैं।

2. *व्यवसाय की अर्जन क्षमता के बारे में सूचना उपलब्ध कराना* – वित्तीय विवरण उपयोगितापूर्ण वित्तीय सूचनाएं प्रदान करते हैं जो कि एक व्यावसायिक फर्म की अर्जन क्षमता के पूर्वानुमान, तुलना तथा पुनर्मूल्यांकन के लिए लाभ कर ढंग से उपयोग में लाई जा सकती है।
3. *रोकड़ प्रवाह के संदर्भ में सूचना उपलब्ध कराना* – यह एक व्यवसाय के बारे में, उसके निवेशकों तथा ऋणदाताओं को उपयोग जानकारी उपलब्ध कराते हैं ताकि वे राशि, समयबद्धता तथा संबंधित अनिश्चितताओं के परिप्रेक्ष्य में रोकड़ प्रवाह का पूर्वानुमान, तुलना, मूल्यांकन तथा सक्षमता को जान सकें।
4. *प्रबंध की प्रभावशीलता को आँकलित करने की सूचना*– वित्तीय विवरण एक व्यवसाय की प्रबंधन क्षमता को आंकलित करने के लिए उपयोगी जानकारी देते है कि वे व्यवसाय के संसाधनों को कितना प्रभावशाली तरीके से उपयोग कर पा रहे हैं।
5. *समाज को प्रभावित करने वाली व्यावसायिक गतिविधियों के संदर्भ में सूचना*– ये एक व्यावसायिक संगठन से समाज पर प्रभाव डालने वाली गतिविधियों के बारे में रिपोर्ट देते हैं, जिन्हें निर्धारित एवं वर्णित अथवा मापा जा सकता है। जोकि उसके सामाजिक वातावरण के लिए महत्त्वपूर्ण होता है।
6. *लेखांकन नीतियों को प्रकट करना* – ये रिपोर्ट महत्त्वपूर्ण नीतियों एवं अवधारणाओं के संदर्भ में जानकारी देती है जिन्हें लेखांकन प्रक्रिया में अनुपालित किया गया होता है और वर्ष के दौरान हुए परिवर्तनों की सूचना भी देती हैं ताकि इन विवरणों को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

## 3.4 वित्तीय विवरणों के प्रकार

वित्तीय विवरणों में समान्यतः दो प्रकार के विवरण सम्मिलत होते हैंः तुलन पत्र और लाभ व हानि खाता, जोकि बाह्य प्रतिवेदनों और प्रबंध की आंतरिक आवश्यकताओं जैसे नियोजन निर्णय प्रक्रिया और नियंत्रण के लिए आवश्यक हैं।

दो आधारभूत या मुख्य वित्तीय विवरणों को तुलन पत्र एवं आय विवरण के नाम से जानते हैं जो बाहरी रिपोर्टिंग के लिए अपेक्षित होता है और इसके साथ ही प्रबंध की आंतरिक आवश्यकताओं जैसे नियोजन, निर्णय लेने तथा नियंत्रण के लिए आवश्यक होते हैं। ये दोनों मूलभूत विवरण सहित अनुसूचियों परिशिष्टों, तुलन पत्र और लाभ व हानि खाते के आँकड़ों के संपूरक हैं। इन दो मूलभूत वित्तीय विवरणों के अतिरिक्त, यहाँ पर यह निधियों के संचालन के बारे में तथा कंपनी की वित्तीय स्थितियों में बदलावों के बारे में जानने की आवश्यकता होती है। इसके लिए, कोष प्रवाह विवरण या रोकड़ प्रवाह विवरण दिशा–निर्देश देते हैं।

**तुलन पत्र** – तुलन पत्र का उद्देश्य परिसंपत्तियों संसाधनों और दायित्वों (संसाधनों की उत्पति हेतु भार) को दर्शाना है। अमेरिकन इंस्टीटयूट ऑफ पब्लिक एकाऊटेंटस के अनुसार तुलन पत्र खाता पुस्तकों के वास्तविक

© NCERT not to be republished

रूप से बंद होने पर आगे लाए गए नाम और जमा शेषों के सारांश का विवरण है। तुलन पत्र निश्चित तिथि पर तैयार किया जाता है और परिसंपित्तयों को दायीं दायित्वों को बायीं ओर दर्शाता है।

**लाभ व हानि खाता अथवा आय विवरण** – लाभ व हानि खाता एक लेखांकन रिपोर्ट है जो आगम और व्ययों की मदों को संक्षिप्त रूप में दर्शाता है साथ ही कथित लेखांकन अवधि के लिए लाभ/हानि की गणना करता है। यह खाता आगामी समयावधि के मध्य स्वामित्व पूँजी में परिवर्तन को भी दर्शाता है। यह खाता तुलन पत्र के निर्माण में अत्यंत उपयोगी है अतः संलग्न किया जाता है। आय विवरण व्यवसायिक इकाई की अनुलंब तस्वीर प्रस्तुत करता है और दी गई समयावधि में प्रचालन परिणामों को दर्शाता है। आय विवरण आगम, व्ययों, सकल लाभ प्रचालन लाभ और निवल लाभ अथवा हानि के दृष्टिकोण से व्यवसाय के प्रबंध की नीतियों, व्ययों, जानकारी दूरदर्शीता और उत्साह संबंधी गुणात्मक व्याख्या प्रदान करता है।

आय के लेखांकन संकल्पना के अनुसार, एक समयावधि के लिये समाप्य लागत पर वसूल किये गये आगम आधिक्य को आय (लाभ) और वसूल किये गये आगम पर समाप्य लागत को हानि कहते हैं। अतः एक समयावधि पर संबंधित समाप्य लागत और प्राप्त लागत के मध्य अन्तर का परिणाम है। यहाँ ध्यान योग्य है कि समान्यतः एक समयावधि के लिए आगम और व्ययों के मापन हेतु लेखांकन का उपर्जिन आधार अपनाया जाता है। इसके अतिरिक्त एक अन्य विवरण लाभ व हानि विनियोजन खाता प्रयोग में लाया जाता है जिसमें लाभ संबंधी विनियोजनों को अभिलेखित करते हैं।: जैसे कि लाभांश हेतु संचय और प्रावधान में हस्तांतरण।

**स्वयं जाँचिए –1**

(क) निम्नलिखित कथन 'सही' है या 'ग़लत' बताएँ

1. वित्तीय विवरण लेखांकन प्रक्रिया का अंतिम उत्पाद होते हैं।
2. वित्तीय विवरण मूलतः मालिक की आवश्यकताओं की ओर निर्दिष्ट होते हैं।
3. वित्तीय विवरणों में दिए गए सभी तथ्य एवं संख्याएँ वैयक्तिक निर्णयों पर नहीं आधारित होते हैं।
4. अभिलिखित तथ्य प्रतिस्थापन मूल्य/लागत पर आधारित होते हैं।
5. सतत् व्यापार अवधारणा मानता है कि उद्यम लंबी अंवधि के लिए चालू रहेगा।

(ख) उपयुक्त शब्दों के साथ रिक्त स्थानों को भरें–

1. वित्तीय विवरण दिलचस्पी लेने वाली पार्टियों के लिए ____________ होते हैं।
2. एक कंपनी के मालिक को____________ कहा जाता है।
3. आय मापन हेतु ____________ लेखांकन आधार का अनुसरण किया जाता है।
4. वह विवरण जो एक कंपनी की परिसंपत्तियों एवं दायित्वों को दर्शाता है, उसे_______ कहते हैं।
5. लाभ व हानि खाते को____________ विवरण भी कहते हैं।

## 3.5 आय विवरण का स्वरूप एवं प्रारूप

आय विवरण को तीन भागों में वर्गीकृत किया जाता है: (अ) व्यापारिक खाता – सकल लाभ अथवा सकल हानि दर्शाता है, (ब) लाभ व हानि खाता निवल लाभ अथवा निवल हानि दर्शाता है। (स) लाभ व हानि विनियोजन खाता जो चालू वर्ष से संबंधित समाप्त विनियोजनों, जो गत वर्ष के लाभ अथवा हानि व एक

समयावधि के अंत में आधिक्य अथवा कमी को दर्शाता है। इस स्थिति में यह ध्यान योग्य है कि इस विवरण का शीर्षक व्यापारिक शब्द नहीं शामिल करता है परन्तु कंपनी का नाम आवश्यक रूप से दर्शाता है। लाभ व हानि खाते और लाभ व हानि विनियोजन खाते का सरल स्वरूप एवं प्रारूप नीचे दिया गया है।

**वर्षान्त............कंपनी लिमिटेड का..............लाभ व हानि खाता**

| *व्यय* | | *राशि (रु.)* | *आगम* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रारंभिक स्टॉक | | xxx | विक्रय | xxx | |
| क्रय | xxx | | घटाया: विक्रय वापसी | (xx) | |
| *घटाया:* क्रय वापसी | (xx) | xxx | अंतिम स्टॉक | | xxx |
| आतंरिक ढुलाई | | xxx | सकल हानि आ/ले (यदि हो तो) | | xxx |
| मजदूरी | | xxx | | | |
| प्रत्यक्ष व्यय | | xxx | | | |
| सकल लाभ आ/ले | | xxx | | | |
| | | xxx | | | |
| सकल हानि आ/ला | | **xxx** | | | **xxx** |
| वेतन | | xxx | सकल लाभ आ/ला | | xxx |
| कार्यालय किराया | | xxx | | | |
| विज्ञापन | | xxx | | | |
| बाह्य ढुलाई | | xxx | | | |
| प्रदत्त बट्टा | | xxx | | | |
| संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | | | | | |
| मूल्य ह्रास– | | | | | |
| कार्यालय भवन | xxx | | | | |
| फर्नीचर | xxx | xxx | | | |
| कराधान के लिए प्रावधान | | xxx | | | |
| निवल लाभ आ/ले | | xxx | | | |
| | | **xxx** | | | **xxx** |
| सामान्य आरक्षित में हस्तांतरित | | xxx | शेष आ/ला (पूर्ववर्ती वर्ष लाभ का शेष) | | xxx |
| अन्य आरक्षित में हस्तांतरित (यदि है तो) | | xxx | निवल लाभ आ/ला | | xxx |
| प्रस्तावित लाभांश | | xxx | (चालू वर्ष के लिए) | | |
| शेष आ/ले | | xxx | | | |
| | | **xxx** | | | **xxx** |

**चित्र 3:2** *कंपनी के लाभ व हानि खाते का प्रारूप*

आय विवरण का प्रस्तुतिकरण लम्बत रूप में भी विस्तृत आंकड़ों सहित किया जा सकता है। यह प्रारूप अतिरिक्त विश्लेषण और निर्णय प्रक्रिया हेतु आवश्यक आंकड़े प्रदान करने में सहायता देता है। लम्बवत आय विवरण का प्रारूप चित्र 3.3 में दिखाया गया है।

© NCERT not to be republished

**वर्षान्त......................कंपनी लि॰ के लिए....................की**

**आय विवरण**

| *आगम और व्यय के तत्व* | *राशि (रु.)* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|
| **विक्रय –** | | |
| नकद विक्रय | xxx | |
| उधार विक्रय | xxx | |
| कुल विक्रय | xxx | |
| *घटाया* : विक्रय वापसी | (xx) | |
| **निवल विक्रय (1)** | | |
| घटाया : बेचे गए माल की लागत | | |
| प्रारंभिक स्टॉक | (xxx) | |
| +क्रय (माल व प्रसंगिक व्ययों सहित) + मजदूरी | xxx | |
| +विनिर्माण व्यय | xxx | |
| +अव्य प्रत्यक्ष व्यय | xxx | |
| | (xxx) | |
| *घटाया*–अंतिम स्टॉक | xxx | |
| बेचे गए माल की लागत का योग (2) | | xxx |
| सकल लाभ– (3) अर्थात (1) घटा (2) | | xxx |
| *घटाया:* प्रचालन व्यय (4) | | |
| +प्रशासनिक व्यय | (xxx) | |
| +प्रशासकीय व्यय | xxx | |
| +विक्रय व्यय | xxx | |
| +वितरण व्यय | xxx | |
| +मूल्यह्रास | xxx | xxx |
| प्रचालन लाभ– (5) (अर्थात् 3-4) | | xxx |
| **जोड़ा:– गैर प्रचालन आय, यदि कोई है जैसे कि कमीशन, परिसंपत्तियों की विक्रय पर लाभ, विनियोगों से आय** | | xxx |
| **घटाया: गैर प्रचालन व्यय,** | | xxx |
| **यदि कोई है जैसे कि आग से हानि** | | xxx |
| ब्याज और कर से पूर्व निवल लाभ (6) | | xxx |
| घटाया: **ब्याज प्रभार (7)** | | xxx |
| ऋणों पर ब्याज | (xxx) | |
| ऋणपत्रों पर ब्याज | (xxx) | xxx |
| **करों से पूर्व निवल लाभ (8) (अर्थात) (6-7)** | | xxx |
| **घटाया: करों के लिए प्रावधान (9)** | | (xxx) |
| | | xxx |
| **निवल लाभ– (10) (अर्थात् 8–9) (कर के पश्चात लाभ)** | | |

**चित्र 3.3:** *कंपनी के आय विवरण का प्रारूप*

© NCERT not to be republished

आय विवरण की तैयारी के लिए निम्नलिखित प्रक्रम का अनुकरण करना होता है–

1. तलपट के जमा पक्ष की ओर दर्शायी गयीं आगम प्राप्तियों से संबंधित अग्रिम प्राप्त आगम अथवा वसूले गए आगम परन्तु प्राप्त नहीं हुए आदि के उपयुक्त समायोजन करने के पश्चात् आय विवरण के जमा (पक्ष) की ओर सभी प्राप्तियों का अभिलेखन।
2. तलपट के नाम पक्ष की ओर दर्शाये गये आगम खर्चों को बकाया पूर्वदत्त व्यय, ह्रास संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान, कराधान आदि समायोजनों के पश्चात् आय विवरण के नाम पक्ष की ओर अभिलेखन।
3. आय विवरण के जमा पक्ष की ओर प्रदार्शित गैर–संचालन आय एवं लाभों का अभिलेखन।
4. आय विवरण के नाम पक्ष की ओर प्रदर्शित सभी गैर–प्रचालन हानियों का अभिलेखन।
5. जमा मदों के योग तथा नाम मदों के योग के बीच अंतर को ज्ञात करना।
6. यदि जमा मदों की अपेक्षा नाम मद कम है तो इसे निवल लाभ तथा इसके विपरीत को हानि कहते हैं।
7. भारत में कंपनियों के वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए लेखांकन वर्ष 1 अप्रैल से मार्च 31 (ठीक भारत सरकार के वित्त वर्ष की भांति) तक होता है।

यह ध्यानयोग्य है कि कंपनी अधिनियम में लाभ व हानि खाते के लिये कोई प्रारूप निर्धारित नहीं है। हालांकि अधिनियम की अनुसूची VI भाग II लाभ व हानि खाते हेतु विस्तृत आवश्यकताओं की जानकारी देता है और स्पष्ट बताता है कि इस खाते का निर्माण निर्धारित समयावधि पर कंपनी के क्रियाकलापों के स्पष्ट प्रकटीकरण के लिए किया जाना चाहिये और प्रत्येक वस्तुपरक मद को प्रकट किया जाना चाहिये।

## 3.6 तुलन पत्र का प्रारूप और स्वरूप

तुलन पत्र प्राय: क्षैतिज (T फार्म) प्रारूप में तैयार किया जाता है जिसमें परिसंपत्तियों को दायीं ओर पूँजी एवं देयताओं को बायीं ओर दर्शाया जाता है। कंपनियों की स्थिति में स्थायित्व आधार पर परिसंपत्तियों और दायित्वों को व्यवस्थित किया जाता है। इसी कारण समस्त स्थायी दीर्घकालीन परिसंपत्तियाँ और पूँजी एवं देयताओं को प्रारंभिक शेष पर दर्शाया जाता है और तरल परिसंपत्तियों और देयताओं को पंजीकृत कंपनियों के लिए यह आवश्यक है कि वे तुलन पत्र में परिसंपत्तियों एवं देयताओं के अभिलेखन के लिए कंपनी अधिनियम की अनुसूची VI भाग 1 का अनुसरण करें। कंपनी अधिनियम के अनुच्छेद 211(i) के अनुसार तुलन पत्र का निर्माण निर्धारित प्रारूप में समान्य निर्देशों के तहत अंत में दिये जाने वाले टिप्पणी सहित शीर्षों का अनुसरण करते हुए किया जाना चाहिए ताकि तुलन पत्र यथातथ्य एवं न्यायसंगत वित्तीय स्थिति दर्शा सके। यह प्रारूप बैंकिंग और बीमा कंपनियों पर लागू नहीं होता है। यह कंपनियाँ अपने विधान द्वारा निर्धारित प्रारूपों का अनुसरण करती हैं। कंपनी अधिनियम को अनुसूची VI भाग 1 के अनुसार तुलन पत्र का निर्धारित प्रारूप अध्याय 1 के परिशिष्ट में दिया गया है। यह ध्यान योग्य है कि कंपनी का तुलन पत्र क्षैतिज अथवा लम्बवत प्रारूप से तैयार किया जा सकता है जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

© NCERT not to be republished

**तुलन पत्र का क्षैतिज प्रारूप**

**दिनांक............पर............(कंपनी का नाम) का तुलन पत्र**

| *(1) पूर्ववर्ती वर्ष के लिए आंकड़े (रु.)* | *(2) दायित्व* | *(3) चालू वर्ष के लिए आंकड़े (रु.)* | *(4) पूर्ववर्ती वर्ष के लिए आंकड़े (रु.)* | *(5) परिसंपत्तियाँ (रु.)* | *(6) चालू/वर्ष के लिए आंकड़े (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| | अंश पूँजी– | | | स्थिर परिसंपत्तियाँ– | |
| | अधिकृत: | | | ख्याति | |
| | अधिमान | | | भूमि | |
| | समता | | | भवन | |
| | निर्गमित– | | | गृह परिसर | |
| | अधिमान | | | रेल साइडिंग | |
| | समता | | | प्लांट एवं मशीनरी | |
| | *घटाया:* बकाया मांग | | | फर्नीचर | |
| | *जोड़ा:* जब्त अंश | | | एकस्व एवं व्यापार चिंह | |
| | | | | पशुधन | |
| | ***आरक्षित एवं*** | | | वाहन | |
| | ***अधिशेष–*** | | | **निवेश–** | |
| | पूँजी आरक्षित | | | सरकारी या | |
| | पूँजी मोचन | | | न्यास प्रत्याभूति | |
| | | | | अंश, ऋणपत्र | |
| | आरक्षित | | | बांडस (बंध-पत्र) | |
| | अंश प्रीमियम | | | **चालू परिसंपतियाँ,** | |
| | अन्य आरक्षित | | | **ऋण एवं अग्रिम–** | |
| | लाभ व हानि | | | **(क) चालू परिसंपत्तियाँ–** | |
| | खाता | | | प्रोद्भूत ब्याज | |
| | **सुरक्षित ऋण:** | | | स्टोर्स एवं स्पेयर पार्ट्स | |
| | ऋणपत्र | | | खुले औजार | |
| | बैंक से ऋण | | | विक्रय माल | |
| | और अग्रिम राशि | | | चालू काम | |
| | | | | विविध देनदार | |
| | नियंत्रित कंपनियों | | | रोकड़ एवं बैंक शेष | |
| | से अन्य ऋण | | | **(ख) ऋण एवं अग्रिम–** | |
| | एवं अग्रिम राशि | | | नियंत्रित कंपनियों हेतु | |
| | | | | अग्रिम एवं ऋण | |
| | | | | प्राप्य विपत्र | |
| | | | | अग्रिम भुगतान | |

© NCERT not to be republished

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **असुरक्षित ऋण–** | | | **विविध व्यय** | |
| | मियादी जमा | | | **प्रारंभिक व्यय** | |
| | नियंत्रित कंपनियों से | | | अंशों एवं ऋणपत्रों के | |
| | ऋण और अग्रिम राशि | | | निर्गम पर छूट | |
| | अल्पावधि ऋण | | | अन्य अस्थगित व्यय | |
| | एवं अग्रिम राशि | | | ***लाभ व हानि खाता*** | |
| | अन्य ऋण एवं | | | **(नाम शेष, यदि कोई है)** | |
| | अग्रिम राशि | | | | |
| | **चालू दायित्व एवं** | | | | |
| | **प्रावधानः** | | | | |
| | **क. चालू दायित्वः** | | | | |
| | प्राप्तियाँ | | | | |
| | विविध लेनदार | | | | |
| | बकाया व्यय | | | | |
| | **ख. प्रावधानः** | | | | |
| | कराधान के लिए | | | | |
| | लाभांश के लिए | | | | |
| | प्रासंगिकताओं के लिए | | | | |
| | भविष्य निधि | | | | |
| | योजनाओं के लिए | | | | |
| | बीमा, पेंशन तथा अन्य | | | | |
| | ठीक इसी प्रकार | | | | |
| | के लाभों के लिए | | | | |

एक तुलन पत्र को संक्षेप प्रपत्र में भी प्रस्तुत किया जा सकता है, जिसे नीचे दर्शाया गया है–

**संक्षिप्त तुलन पत्र**

| *दायित्व* | *राशि (रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| 1. अंश पूँजी | | 1. स्थिर परिसंपत्तियाँ | |
| 2. आरक्षित एवं अधिशेष | | 2. निवेश | |
| 3. रक्षित ऋण | | 3. चालू परिसंपत्तियाँ | |
| 4. अरक्षित ऋण | | ऋण और अग्रिम राशि | |
| 5. चालू दायित्व एवं प्रावधान | | (क) चालू परिसंपत्तियाँ | |
| (क) चालू परिसंपत्तियाँ | | (ख) ऋण एवं अग्रिम | |
| (ख) प्रावधान | | 4. विविध खर्च | |
| | | 5. लाभ व हानि खाता (नाम शेष, यदि कोई है) | |

© NCERT not to be republished

**तुलन पत्र का लम्बवत प्रारूप**

**..................का.................( तिथि ) को तुलन पत्र**

| | *अनुसूची सं.* | *चालू वर्ष के अंत में आंकड़े* | *गत वित्तीय वर्ष के अंत में आंकड़े* |
|---|---|---|---|
| **I. निधि का स्रोत** | | | |
| **1. अंशधारक निधि** | | | |
| (क) अंश पूँजी | | xxx | xxx |
| (ख) आरक्षित एवं अधिशेष | | xxx | xxx |
| **निवल संपत्ति या अंश धारक निधि** | | **xxx** | **xxx** |
| **2. ऋण निधिः** | | | |
| (क) रक्षित ऋण | | xxx | xxx |
| (ख) असुरक्षित ऋण | | xxx | xxx |
| **योग ( पूँजी नियोजित )** | | **xxx** | **xxx** |
| **II. निधियों का उपयोग** | | | |
| **1. स्थिर परिसंपत्तियाँः** | | | |
| (क) सकल खंड | | xxx | xxx |
| (ख) *घटाया*–मूल्यह्रास | | (xxx) | (xxx) |
| (ग) निवल खंड | | xxx | xxx |
| (घ) पूँजी चालू काम | | xxx | xxx |
| | | **xxxx** | **xxxx** |
| **2. निवेशः** | | xxx | xxx |
| **3. चालू परिसंपत्तियाँ तथा ऋण और अग्रिम राशिः** | | | |
| (क) माल सूची | | xxx | xxx |
| (ख) विविध देनदार | | xxx | xxx |
| (ग) रोकड़ व बैंक शेष | | xxx | xxx |
| (घ) अन्य चालू परिसपंत्तियाँ | | xxx | xxx |
| (च) ऋण एवं अग्रिम राशि | | xxx | xxx |
| ***घटायाः*** चालू दायित्व एवं प्रावधान | | **xxx** | **xxx** |
| (क) चालू दायित्व | | (xxx) | (xxx) |
| (ख) प्रावधान | | (xxx) | (xxx) |
| | | **xxx** | **xxx** |
| **निवल चालू परिसंपत्तियाँ** | | | |
| 4. (क) फुटकर खर्च जिन्हे अपलिखित अथवा समायोजित नहीं किया गया है। | | xxx | xxx |
| (ख) लाभ व हानि खाता (नाम शेष, यदि है तो) | | xxx | xxx |
| **योग** | | **xxxx** | **xxxx** |

© NCERT not to be republished

अनुसूचियाँ, लेखांकन नीतियाँ तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएँ आदि तुलन पत्र का एक भाग है। अनुसूची VI के भाग I के अन्तर्गत अपेक्षित सभी सूचनाएँ अनुसूची में समाहित होती है जिसके अंतर्गत निवेश, स्थिर परिसंपत्तियाँ, लेनदार, उधार आदि आते हैं।

### 3.6.1 दायित्व पक्ष

1. *अंश पूँजी:* तुलनपत्र में दायित्व पक्ष का यह सबसे पहला मद तथा यह अधिकृत पूँजी, निर्गमित पूँजी, चुकता पूँजी को प्रत्येक प्रकार के अंशों के लिए उनकी संख्या और राशि के साथ प्रदर्शित किया जाता है। इसके साथ साथ अदत्त माँग और जब्त अंशों को विवरण भी होता है जिसके संबंध में अध्याय 1 में बताया जा चुका है।
2. *आरक्षित एवं अधिशेष:* इस मद के अंतर्गत विभिन्न आरक्षित निधियाँ होती है जैसे कि पूँजी आरक्षित, पूँजी मोचन आरक्षित, अंश प्रीमियम खाते का शेष, समान्य आरक्षित लाभ व हानि खाते का जमा शेष अन्य आरक्षित प्रत्येक की प्रकृति और राशि बताते हुए जिसमें चालू वर्ष में जमा शेष साम्मिलत है।
3. *रक्षित ऋण :* दीर्घ कालीन ऋण, जिन्हे किसी ऋणभार पर लिया जाता है, इस वर्ग में सम्मिलत होते हैं। ऋणपत्र और रक्षित ऋण, बैंकों से अग्रिम धनराशि आय इस वर्ग में आते हैं। और इस शीर्षक के अंतर्गत पृथ्क रूप से दिखाए जाते हैं।
4. *अरक्षित ऋण***:** जिन ऋणों एवं उधारों को बिना किसी ऋणभार के लिया जाता है उन्हें इस शीर्षक के अंतर्गत प्रदर्शित किया जाता है इस मद के अन्तर्गत आवधिक जमा, तथा नियंत्रित कंपनियों से ऋण एवं उधार, अन्य स्रोतों से प्राप्त ऋणों एवं उधार को सम्मिलित किया जाता है। बैंक तथा अन्य से प्राप्त ऋणों को भी इस श्रेणी में शामिल किया जाता है।
5. *चालू दायित्व एवं प्रावधान:* ऐसे दायित्व जो कि एक वर्ष की अवधि में परिपक्व होते हैं। इनके अंतर्गत प्राप्तियाँ विविध देनदार, अग्रिम भुगतान तथा असमाप्त तथा अन्य दायित्व शामिल हैं। आगम लाभ में से एक हिस्सा जिसका प्रयोग विशिष्ट दायित्वों के एक वर्ष की अवधि के अन्दर भुगतान हेतु किया जाता है, प्रावधान कहलाते है। इससे काराधान हेतु प्रावधान, प्रस्तावित लाभांश, भविष्य निधि हेतु प्रावधान, बीमा हेतु प्रावधान, आदि शामिल हैं।

### 3.6.2 परिसंपत्तियाँ पक्ष

I. *स्थिर परिसंपत्तियाँ*– स्थिर परिसंपत्तियों पर अर्जित खर्च जिसमें ख्याति, भूमि, भवन, पटटा, प्लॉट व मशीनरी, रेल साइडिंग, फर्नीचर और फिटिंग एकस्व, पशुधन, वाहन आदि, शामिल हैं, पृथक रूप से दर्शाये जाते हैं। इन परिसंपत्तियों को उपयुक्त तिथि तक लागत में से ह्रास घटा कर दर्शाया जाता है।

2. *निवेश*– इस शीर्ष के अंतर्गत विभिन्न निवेशों, जैसे कि सरकारी प्रत्याभूतों या न्यास प्रतिभूतियों में निवेश तथा अंश, ऋणपत्र, बंधपत्र तथा अचल परिसंपतियाँ आदि में किया गया निवेश आता है। इन्हें तुलनपत्र में अलग दर्शाया जाता है।

© NCERT not to be republished

3. *चालू परिसंपत्तियाँ ऋण एवं अग्रिम राशि*– चालू परिसंपत्तियाँ जिसमें निवेश पर प्रोदभूत ब्याज, माल सूची, विविध देनदार, प्राप्य विपत्र, रोकड़ और बैंक शेष और अन्य अग्रिम धनराशि जैसे पूर्वदत्त व्यय आदि शामिल हैं।
4. *फूटकर खर्चे*– वे खर्चे जो पूर्णत: अपलिखित नहीं किये गए है, उनका शेष इस शीर्षक के अंदर दर्शाया जाता है। इनमें प्रारंभिक व्यय विज्ञापन व्यय, ऋणपत्रों और अंशों के निर्गम पर बट्टा, अंश निर्गम व्यय आदि शामिल है।
5. *लाभ व हानि खाता*– जब लाभ व हानि खाता नाम शेष दर्शाता है अर्थात हानि जिसका समायोजन समान्य आरक्षित पर नहीं किया जा सकता, तो इसे परिसंपत्ति पक्ष की ओर अंतिम मद के रूप में दिखाते है।

**स्वयं जाँचिये–2**

(क) आरक्षित और आधिशेष शीर्ष के अंतर्गत कौन सी मदें आती हैं।

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ख) फुटकर खर्चो शीर्ष के अंतर्गत कौन सी मदें आती हैं।

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ग) निम्नलिखित में मिलान करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. सकल लाभ | (i) | वित्तीय विवरण पर व्याख्यात्मक टिप्पणी | ( ) |
| 2. प्रचालन लाभ | (ii) | कंपनी द्वारा प्राप्य राशि | ( ) |
| 3. विविध देनदार | (iii) | कंपनी द्वारा देय राशि | ( ) |
| 4. विविध लेनदार | (iv) | विक्रय-बेचे गये माल की लागत | ( ) |
| 5. अनुसूचियाँ | (v) | सकल लाभ - प्रचालन व्यय | ( ) |
| 6. निवल लाभ | (vi) | प्रचालन लाभ - ब्याज और कर | ( ) |

© NCERT not to be republished

**प्रदर्श - I**

## एशियन पेन्टस (इंडिया) लि.
## 31, मार्च 2005 को तुलन पत्र

**(रु. मिलियन में)**

| | अनुसूचीयाँ | | **31.3.2005 को** | **31.3.2004 को** |
|---|---|---|---|---|
| **विनियोजित निधि** | | | | |
| **अंश धारक निधि** | | | | |
| अंश पूँजी | A | 959.20 | | 959.20 |
| आरक्षित और अधिशेष | B | 4,763.00 | | 4,356.21 |
| | | | 5,722.20 | 5,315.41 |
| ऋण निधि | C | | | |
| रक्षित ऋण | | 283.65 | | 229.23 |
| अरक्षित ऋण | | 555.12 | | 475.50 |
| | | | 838.77 | 704.73 |
| स्थगित कर दायित्व (निवल) | | | 305.38 | 486.56 |
| (देखें अनुसूचीय टिप्पणी B-27) | | | | |
| योग | | | **6,866.35** | **6,506.70** |
| निधि का उपयोग | | | | |
| स्थायी परिसंपत्ति | D | | | |
| सकल खंड | | 7,127.04 | | 6,511.93 |
| घटाया: मूल्यह्रास परिशोधन, हानिकरण | | 4,014.73 | | 3,106.49 |
| निवल लाभ | | 3,112.31 | | 3,405.44 |
| जोड़ा: पूँजी कार्य प्रगति पर | | 82.78 | | 38.89 |
| | | | 3,195.09 | 3,444.33 |
| निवेश | E | | 2,584.27 | 2,424.84 |
| चालू परिसंपत्तियाँ ऋण और अग्रिम | F | | | |
| निवेश पर प्रोदभूत ब्याज | | 0.03 | | 0.83 |
| माल सूची | | 3,307.89 | | 2,114.90 |
| विविध देनदार | | 1,489.63 | | 1,379.20 |
| रोकड़ और बैंक शेष | | 210.42 | | 245.53 |
| अन्य प्राप्त | | 190.12 | | 81.45 |
| ऋण और अग्रिम | | 727.25 | | 787.88 |
| | | 5,925.34 | | 4,609.79 |
| *घटाया:* चालू परिसंपत्तियाँ और प्रावधान | G | | | |
| चालू दायित्व | | 3,721.32 | | 3,087.23 |
| प्रावधान | | 1,117.03 | | 885.03 |
| | | 4,838.35 | | 3,972.26 |
| निवल चालू परिसंपत्तियाँ | | | 1.086.99 | 637.53 |
| योग | M | | **6,866.35** | **6,506.70** |

© NCERT not to be republished

**क्रमगत**

## एशियन पेन्टस (इंडिया) लि.
## वर्षान्त 31, 2005 को लाभ व हानि खाता

(Rs. In Millions)

| | अनुसूचीयाँ | 2004-2005 को | 2003-2004 को |
|---|---|---|---|
| आय | | | |
| विक्रय और प्रचालन आय (बटटे से निवल) | H | 22,553.86 | 19,531.92 |
| *घटाया* – उत्पाद कर | | 3,138.71 | 2,565.46 |
| विक्रय और प्रचालन आय (बटटे और उत्पाद कर से निवल) | | 19,415.15 | 16,966.46 |
| अन्य आय | | 316.14 | 216.77 |
| खर्च | | 19,731.29 | 17,183.23 |
| उपयोग किया गया माल | J | 11,154.04 | 9,441.50 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति और लाभ | K | 1,179.30 | 1,015.56 |
| विनिर्माण प्रशासिनिक, विक्रय और वितरण व्यय | L | 4,144.05 | 3,814.02 |
| | | 16,477.39 | 14,271.08 |
| ब्याज, मूल्यह्रास विशिष्ट मदे, और कर से पूर्व लाभ | | 3,253.90 | 2,912.15 |
| *घटाया:* ब्याज (अनुसूची M, टिप्पणी B-17) | | 27.54 | 52.65 |
| *घटाया:* मूल्यह्रास/परिशोधन (अनुसूची M, टिप्पणी B-19) | D | 476.05 | 480.10 |
| कर और विशिष्ट मदों से पूर्व लाभ | | 2,750.31 | 2,379.40 |
| *घटाया:* विशिष्ट मदें (अनुसूची M, टिप्पणी B-23) | 42.31 | 68.06 | |
| कर से पूर्व लाभ | | 2,708.00 | 2,311.34 |
| *घटाया:* चालू कर हेतु प्रावधान | | 988.00 | 880.00 |
| *घटाया:* स्थगित कर दायित्व हेतु प्रावधान (अनुसूची M, टिप्पणी B-27) | | (18.16) | (44.46) |
| कर और पूर्व अवधि मदों के पश्चात लाभ | | 1,738.16 | 1,475.80 |
| जोड़ा (घटाया) पूर्व अवधि मदें | | (3.34) | 2.07 |
| कर के पश्चात लाभ | | 1,734.82 | 1,477.87 |
| *जोड़ा* आगे लाया गया लाभ व हानि खाते का शेष | | | |
| पेनटासिया इंवेस्टमेन्ट लि. का सविलय | | — | 8.40 |
| *जोड़ा:* जोड़ा गत वर्ष से आगे लाीया गया लाभ | | 820.00 | 720.00 |
| वितरण के लिए लाभ | | 2,554.82 | 2,206.27 |
| उपरोक्त लाभ का वितरण | | | |
| लाभांश: समता अंश — अंतरिम | | 383.69 | 335.73 |
| अंतिम | | 527.56 | 479.60 |
| लाभांश पर कर | | 125.36 | 104.47 |
| समान्य आरक्षित में हस्तांतरण | | 518.21 | 466.47 |
| तुलन पत्र में लाया गया शेष | | 1,000.00 | 820.00 |
| | | 2,554.82 | 2,206.27 |
| प्रति अंश अर्जन (रु.) आधारमूत और मन्द | | 18.53 | 16.12 |
| अनुसूची M, टिप्पणी B-30) | M | | |

© NCERT not to be republished

## 3.7 कुछ विशिष्ट मदें

कंपनी के वित्तीय विवरणों से संबंधित कुछ ऐसी मदें होती हैं जिनके अंतिम खाते तैयार करते समय सही व्यवहार सुनिश्चित करना आवश्यक होता है। ऐसी कुछ मदों को पिछले अध्याओं में स्पष्ट किया जा चुका है जैसे कि अंश पूँजी, अंशों के निर्गम पर बट्टा प्रतिभूति प्रीमियम, बकाया मांग, अग्रिम मांग, जब्त अंश ऋणपत्रों के निर्गम पर बट्टा (अथवा हानि) आदि। कुछ अन्य विशिष्ट मदों की प्रकृति और व्यवहार की व्याख्या नीचे की गई है।

(अ) *प्रारंभिक व्यय* – यह व्यय कंपनी के स्थापना के समय किये जाते हैं। जैसे कि विविध प्रपत्रों की छपाई की लागत ऐसे दस्तावेज़ों को तैयार करने के लिए वकील को दी गई फीस स्टाम्प शुल्क पंजीकरण और नत्थीकरण व्यय आदि। इन मदों पर किये गये व्यय प्रारंभिक व्यय शीर्षक के अंतर्गत लिखे जाते हैं। वार्षिक अपलिखित राशि को लाभ व हानि खाते के नाम पक्ष की ओर लिखा जाता है और शेष राशि तुलन पत्र की परिसंपत्ति पक्ष की ओर विविध व्यय शीर्षक के अंतर्गत दर्शाया जाता है।

(ब) *अंशों और ऋणपत्रों के निर्गम पर व्यय* – जब अंश और ऋणपत्र सार्वजनिक रूप से निर्गमित किये जाते हैं तब कंपनी द्वारा विवरण पत्रिका के निर्माण एवं प्रिंटिग, निर्गम पर विज्ञापन, श्रेष्ठी बैंकर शुल्क, दलाली आदि के लिए व्यय उठाने पड़ते हैं। ऐसे व्ययों को पूँजीकृत एवं 3 से 5 वर्षों तक अपलिखित किया जाता है और प्रारंभिक व्ययों की भांति व्यवहार और प्रस्तुत किया जाता है।

*ऋणपत्रों पर ब्याज* –ऋणपत्रों पर देय ब्याज ऋणपत्रों के साथ बराबर लिखा गया होता है जिसका भुगतान अर्धवार्षिक आधार पर होता है – सितंबर 30 और मार्च 31 (अथवा जून 30 और दिसंबर 31)। ऋणपत्रों पर ब्याज की अर्धवार्षिक भुगतान राशि तुलन पत्र पर दर्शायी जाती है। इससे आशय है कि शेष आधे वर्ष के लिए प्रावधान उस स्थिति में भी तैयार किया जाना चाहिए यदि समायोजनों में विशेष रूप से उल्लेखित है। अथवा नहीं। दूसरे शब्दों में संपूर्ण वर्ष के ऋणपत्र ब्याज को लाभ व हानि खाते पर प्रभारित किया जाता है और न भुगतान किया हुआ ब्याज, यदि है तो, तुलन पत्र के दायित्व पक्ष की ओर बकाया ब्याज के रूप में दर्शाया जाता है।

(द) *कर के लिए प्रावधान* – इससे आशय आयकर के प्रावधान से है (निगम कर) जोकि लाभ पर प्रभार है और लाभ व हानि खाते को नाम और कर हेतु प्रावधान खाते को जमा कर तुलन पत्र के दायित्व पक्ष की ओर चालू देयताओं और प्रावधान शीर्षक के अंतर्गत दर्शाया जाता है।

(घ) *लाभांश* – लाभांश लाभों का वह भाग है जो अंशधारियों में बाँटा जाता है। एक लेखांकन वर्ष के लिए लाभांश कंपनी की वार्षिक समान्य गोष्ठी में वार्षिक रिपोर्ट की स्वीकृति के समय घोषत किया जाता है और लाभ व हानि खाते (नाम पक्ष पर) के विनियोजन भाग और तुलन पत्र के दायित्व पत्र की ओर चालू देयताओं और प्रावधान शीर्षक के अंतर्गन दर्शाया जाता है।

कभी-कभी कंपनियाँ लेखांकन वर्ष के दौरान लाभों के पूर्वानुमान के आधार पर लाभांश घोषित और भुगतान करती है। इसे अंतरिम लाभांश कहते हैं। चूँकि भुगतान हो चुका होता है इस राशि को लाभ व हानि खाते (नाम पक्ष में) के विनियोजन भाग की तरह दर्शाया जाता है। ऐसी स्थिति में अंतरिम

लाभांश के अतिरिक्त घोषित लाभांश जोकि वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते समय करे, अंतरिम लाभांश कहते हैं तथा इसका व्यवहार प्रस्तावित लाभांश की तरह ही किया जाता है यहाँ ध्यान योग्य है कि बकाया माँग पर को लाभांश देय होता है। लाभांश की कोई राशि अंतरिम अथवा अंतिम जो कि अस्वामित्व है को चालू देयताओं शीर्षक के अंतर्गत अस्वामित्व लाभांश के रूप में दर्शाया जाता है। इस स्थिति में एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष लाभांश कर का भुगतान है। चूँकि लाभांश अंशधारियों के लिए कर मुक्त राशि है कंपनी को निर्धारित दर लाभांश पर कर का भुगतान करना होता है जिसे निगम लाभांश कर कहते हैं। तथा इसके लिए प्रावधान तैयार किया जाता है। इस राशि को लाभ व हानि खाते के नाम पक्ष की और विनियोजन भाग पर तुलन पत्र पर चालू देयताओं और प्रावधान शीर्षक के अंतर्गत दर्शाया जाता है।

(फ) संचय में हस्तांतरण–स्थिर रूप से कंपनियाँ लाभों का एक भाग आरक्षित करती हैं। समान्य आरक्षण और अन्य विशिष्ट आरक्षण में हस्तांतरित राशि को लाभ व हानि खाते के विनियोजन भाग में और तुलन पत्र में संचय और आधिक्य शीर्षक के अंतर्गत दर्शाया जाता है।

***उदाहरण 1***

बिग एंड कं॰ एक प्राधिकृत पूँजी 5,00,000 रु. की कंपनी है जो 5,000 इक्विटी अंश में 100 रु. प्रति अंश के साथ विभाजित है। 31.12.2005 को 2,500 अंशों का पूर्णत: आहुत कर लिया गया।

दिनांक 31.12.2005 के अनुसार कंपनी के बही खाते से शेष निष्कर्ष निम्नवत् है–

| | (रु.) | | (रु.) |
|---|---|---|---|
| स्टॉक | 50,000 | विज्ञापन | 3,800 |
| विक्रय | 4,25,000 | बोनस | 10,500 |
| क्रय | 3,00,000 | देनदार | 38,700 |
| मजदूरी (उत्पादन) | 70,000 | लेनदार | 35,200 |
| प्रदत्त बट्टा | 4,200 | संयंत्र व मशीनरी | 80,500 |
| प्राप्त बट्टा | 3,150 | फर्नीचर | 17,100 |
| 31.3.2006 तक बीमा भुगतान | 6,720 | रोकड़ व बैंक | 1,34,700 |
| वेतन | 18,500 | सामान्य आरक्षित | 25,000 |
| किराया | 6,000 | प्रबंध निदेशक से ऋण | 15,700 |
| सामान्य व्यय | 8,950 | डूबत ऋण | 3,200 |
| लाभ व हानि खाता (जमा शेष) | 6,220 | बकाया माँग | 5,000 |
| छपाई और लेखन सामग्री | 2,400 | | |

© NCERT not to be republished

वर्षान्त दिसंबर 31, 2005 के लिये व्यापारिक एवं लाभ व हानि खाता तथा उसी तिथि के लिए कंपनी का तुलन पत्र तैयार करें। निम्नलिखित अतिरिक्त जानकारी नीचे दी जा रही है– (1) अंतिम स्टॉक 91500 रु. (2) सयंत्र एवं फर्नीचर पर मूल्यह्रास को क्रमशः 15% तथा 10% बदल कर किया गया। (3) बकाया दायित्वः– मजदूरी 5,200 रु., वेतन 1,200 रु. तथा किराया 6,000 रु. (4) लाभांश 5% की दर से अंश पूँजी पर प्रावधान किया गया है।

